2022

HINDI

B.A Third Semester End Examination 2022
Paper: MIL (Hindi) AECC

Full Marks: 60 | Time: 3 hours

A. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही 10 प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10x2= 20

1. हिंदी साहित्य के किन्ही दो संत कवियों के नाम बताइए।

2. कबीरदास का जन्म कब और कहां हुआ था ?

3. कबीर दास हिंदी साहित्य के किस शाखा के कवि हैं ?

4. कबीर दास के माता पिता का नाम बताइए।

5. कबीर की रचनाएं किस नाम से संकलित है तथा वह कितने भागों में विभक्त है ?

6. कबीर दास को "वाणी का डिक्टेटर" किसने कहा था? कबीर का साहित्य किस भाषा में रचित है ?

7. कबीर दास की जीविका क्या थी तथा उनके गुरु का नाम बताइए।

8. कबीर ने सतगुरु के संबंध में क्या कहा है ?

9. कबीर की मृत्यु कब और कहां हुई थी ?

10. "जब मैं था तब हरि नहीं"-- **मैं** शब्द का अर्थ बताइए।

11. कबीर ने बिरहा को सुल्तान क्यों कहा है ?

12. कबीरदास के अनुसार बूंद और समुद्र का क्या तात्पर्य है ?

13. कवि ईश्वर के किस रूप को स्वीकार करते हैं ?

14. सिद्ध संप्रदायसे प्रभावित कबीर का कोई एक दोहा लिखिए।

15. नाथ संप्रदाय से प्रभावित कबीर का कोई एक दोहा बताइए।

B. दिए गए पद्यांश मे से किन्हीं चार की व्याख्या कीजिए : **4x5=20**

1. अरे इन दोउन राह न पाई |
हिंदू अपनी करै बड़ाई गागर छुवन न देई |
बैस्या के पायन तर सोवे, यह देखो हिंदुआई |
मुसलमान के पीर औलिया मुर्गी मुर्गा खाई |
खाला केरी बेटी ब्याह घर हि में करै सगाई |
.... हिन्दूअन की हिन्दूआई, देखी तूरकन की तुरकाई |

2. प्रेम न खेतो नीपजे, प्रेम न हाटि बिकाइ I
राजा परजा जिस रुचै, सिर दे सो ले जाइ II

3. मेरा मुझमें कुछ नहीं, जो कुछ है सो तेरा I
तेरा तुझको सौपता, क्या लागे है मेरा II

4. साधो, देखो जग बौराना I
सांची कहौं तो मारन धावै झूठे जग पतियाना
हिंदू कहत है राम हमारा मुसलमान रहमाना
आपस में दोऊ लड़ मरत है, मरम कोई नहि जाना
बहुत मिले मोही नेमी धरती, प्रात करै असनाना
आतम छोड़ी पषानैं पूजैं तिनका थोथा ज्ञाना I

5. अंषड़ियां झाईं पड़्या, पंथ निहारी निहारी I
जिभड़्या छाला पड़्या, नाम पुकारि पुकारि II

6. माया महा ठगिनी हम जानी I
तिरगुन फांस लिए कर बोलै, मधुरी बानी
केसव के कमला होइ बैठी, सिव के भवन भवानी
पंडा के मूरत होइ बैठी तीरथहू में पानी
जोगी के जोगिन होइ बैठी, काहू के कौड़ी कानी I

7. बिरहा बिरहा मत कहों, बिरहा है सुल्तान I
जिहिं घट विरह न संचरै सो घट जान मसान II

C. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए: **2x10=20**

1.**कबीर केवल एक संत कवि ही नहीं बल्कि एक सच्चे समाज सुधारक भी थे** - इस कथन से आप कितना सहमत हैं, स्पष्ट कीजिए।

2. कबीर की दार्शनिक चेतना पर प्रकाश डालिए।

3. कबीर की भाषा संबंधी दृष्टि पर विस्तृत आलोचना कीजिए।

4. कबीर के काव्य में रहस्यवाद को स्पष्ट कीजिए।